रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिन्धिया) : अनुमोदित नयी रेल लाइनों का विस्तृत विवरण, 1986-87 के रेलवे बजट के व्याख्यात्मक ज्ञापन और पिंक बुक में दिया गया है। जिन नयी लाइनों पर काम चल रहा है, उनके पूरा होने में लगने वाला समय आगामी वर्षों में संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा।

राजस्थान में रेल लाइनें बिछाने के लिए सर्वेक्षण

2088. **श्री भंवर लाल पंवार** : क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पिछले 25 वर्षों में राजस्थान में रेल लाइनें बिछाने के लिए कोई सर्वेक्षण किया है, और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिन्धिया) : (क) जी, हां।

(ख) निम्नलिखित नयी रेल लाइनों को बिछाने के लिए सर्वेक्षण कार्य पूरे हो गये हैं :-

1. डुगरपुर-रतलाम
2. नाथद्वारा-फालना
3. अजमेर-मेड़ता रोड
4. बाड़-बिलाड़ा
5. जामसर-छत्तरगढ़
6. कोटा-चित्तौड़गढ़-नीमच
7. मथुरा-अलवर
8. डाबला-सिंधाना

सुपर फास्ट गाड़ियों के लिए राजस्थान में उपयुक्त रेल लाइनें :

2089. **श्री भंवर लाल पंवार** : क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान में कौन-कौन सी रेल लाइनों पर सुपर फास्ट गाड़ियां चलाई जा सकती हैं;

(ख) क्या राजस्थान में और सुपर फास्ट गाड़ियां चलाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिन्धिया) : (क) बड़े आमान की रेल लाइन पर, बम्बई सेंट्रल और नयी दिल्ली के बीच चलने वाली सुपर फास्ट राजधानी एक्सप्रेस नागदा और मथुरा जं० के बीच लगभग 391 मार्ग किलोमीटर में राजस्थान से होकर गुजरती है। मीटर आमान की रेल लाइन पर सुपर फास्ट गाड़ियां रेवाड़, जयपुर, अजमेर और आबू रोड के रास्ते दिल्ली और अहमदाबाद के बीच चलती हैं, जिसका कुल मिलाकर 583 किलोमीटर हिस्सा राजस्थान मे पड़ता है ?

(ख) और (ग) राजस्थान मे और अधिक सुपर फास्ट गाड़ियां चलाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है।

राजस्थान में रेल लाइनों की लम्बाई

2090. **श्री भंवर लाल पंवार** : क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि राजस्थान में रेल लाइनों की कुल लम्बाई कितने किलोमीटर है और इसमें से क्रमशः बड़ी रेल लाइन तथा मीटर रेल लाइन की लम्बाई किलोमीटरों में कितनी-कितनी है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिन्धिया) : 31-3-1985 को राज्य में रेल लाइन की कुल लम्बाई 5613.8 मार्ग किलोमीटर थी जिसमें से 760.4 कि० मी० में बड़ी लाइन और 4766.9 किलोमीटर में मीटर लाइन थी।